20/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनाइक ने आज जिला सचिवालय नामसाई में जिले के केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित विकास कार्यक्रमों, परियोजनाओं और योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा है कि नामसाई में पूर्वोत्तर राज्यों की 'वेजटेबल बास्टेक' बनने की क्षमता है। जिला विभागाध्यक्षों और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए राज्यपाल ने आकांक्षी जिले में कई विकासात्मक गतिविधियों के लिए उन्हें बधाई दी। राज्यपाल ने उनसे गति बनाए रखने और कौशल विकास और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने आंगनवाड़ी केंद्रों को मजबूत करने सहित जिले में शिक्षा परिदृश्य को बढ़ाने के लिए उन्नत शिक्षण केंद्रों और मोबाइल पुस्तकालयों का सुझाव दिया। कृषि और इसके संबद्ध क्षेत्रों में जिले की उपलब्धि से प्रभावित होकर राज्यपाल ने अधिकारियों से कृषि समुदाय को प्राकृतिक और मल्टीपल फार्मिंग की ओर प्रोत्साहित करने के लिए कहा ताकि उनकी आय दोगुनी हो सके। राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि यदि प्रशासन प्रभावी है, तो यह राज्य के विकासात्मक प्रगति में बड़ा प्रभाव डालेगा।

0000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट स्थित गिदी नोतको में कल आदी बाने केबांग और तानी सुपुन दुकुन के नेतृत्व में पहला आदि-आपातानी शिखर सम्मेलन-2025 का आयोजन किया गया और दोनों समुदायों के शीर्ष निकाय द्वारा एक संयुक्त घोषणा पर भी हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा, कि अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्य में, जहां कई जनजातियां और उप-जनजातियां हैं, आपसी समझ और सहयोग की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई हैं। समुदायों द्वारा संयुक्त घोषणा पहल की सराहना करते हुए श्री खांडू कहा कि ऐतिहासिक संयुक्त घोषणा के साथ, दोनों समुदायों ने शांति, एकता और अपने लोगों की निरंतर भलाई के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। उन्होंने आश्वासन दिया की राज्य सरकार सांप्रदायिक सद्भाव, शांति और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को बढ़ावा देने वाली पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री खांडू ने कहा कि, आदि और आपातानी जनजाति का यह संयुक्त शिखर सम्मेलन एकता, समझ और सांप्रदायिक सद्भाव के सदियों पुराने ताने-बाने को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक आधारशिला रहीं है।

0000000000000000000

सांसद तापिर गाओ ने आज पासीघाट में यागरूंग स्थित पोगलेक कोरोंग पर बहुप्रतीक्षित आरसीसी पुल का उद्घाटन कर लोगों को समर्पित किया। उन्होंने उम्मीद जताई हैं कि लोगों को खासकर मानसून के मौसम में होने वाली संचार संबंधी दिक्कतें का सामना अब नहीं करना पड़ेगा और इससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा, साथ ही पर्यटन और कृषि-बागवानी के अवसरों को भी दुगना करेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पासीघाट ईस्ट विधायक तापी दारांग ने कहा कि, पुल को बोसिंग-1 और बोसिंग-2 तथा आसपास के क्षेत्रों की प्रगति और विकास में तेजी लाएगा। आरसीसी पुल के निर्माण के लिए केंद्रीय एनएलसीपीआर योजना के तहत धन मुहैया कराया गया है।

0000000000000000000

राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान - निमास की एक टीम ने आज ब्रह्मपुत्र नदी में राफ्टिंग कर अभियान के एक चरण को पूरा करके महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 916 किलोमीटर की साहसिक यात्रा में से, टीम ने दुनिया के सबसे खतरनाक हिस्से में राफ्टिंग करते हुए 240 किलोमीटर की दूरी सफलतापूर्वक तय की। विशेष रूप से, यह अभियान अरुणाचल प्रदेश और असम में फैले पूरे ब्रह्मपुत्र खंड पर राफ्टिंग का पहला प्रयास भी है। तुतिंग स्थित गेलिंग जो पहला भारतीय गांव है, जहां नदी भारत में प्रवेश करती है यह खंड अपने ग्रेड 4 और 5 के लिए प्रसिद्ध है। इस उपलब्धि पर निमास के निदेशक कर्नल आरएस जामवाल ने स्थानीय अधिकारियों और समुदायों से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

000000000000000000

देओमाली स्थित होप फाउंडेशन कॉन्फ्रेंस हॉल में आज साबुन बनाने पर एक दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग- **एपीएससीडब्ल्यू** की अध्यक्ष केंजुम पाकाम ने प्रतिभागियों को इस तरह के प्रशिक्षण का लाभ उठाकर इसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति ऐसे प्रशिक्षणों से सीख पाकर छोटे व्यवसाय से शुरुआत करके अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी सिखा सकता है। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्येक्रम में कुल 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000

अपर सियांग जिले के यिंगकियोंग में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल- NDRF की 12वीं बटालियन द्वारा आज से 15 दिवसीय परिचय प्रशिक्षण अभ्यास का शुभारंब किया। यह अभ्यास छात्रों और शिक्षकों के लिए डिज़ाइन किया गया हैं, जिसका उद्देश्य जागरूकता के साथ ही आवश्यक आपदा प्रबंधन कौशल प्रदान करना था। एनडीआरएफ टीम द्वारा भूकंप, बाढ़ और आग दुर्घटनाओं जैसे आपदा के समय में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रदर्शनों में सीपीआर, फ़र्स्ट एड और अग्नि सुरक्षा उपायों जैसी बुनियादी जीवन-रक्षक तकनीकों को शामिल किया गया हैं। छात्रों को आपात स्थितियों के दौरान सुरक्षित व्यवहारों से परिचित कराने के लिए निकासी अभ्यास भी आयोजित किए गए। अभ्यास का समन्वय नोडल अधिकारी एनी यांगफो की देखरेख में किया जा रहा है।

0000000000000000000

उत्तराखंड के देहरादून में आगामी 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों, 2025 में कुल छत्तीस एथलीट राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह एथलीट आठ खेलों में भाग लेंगे जिनमें बैडमिंटन, बॉक्सिंग, जूडो, ताइक्वांडो, कैनो और कायाकिंग, साइकिलिंग, वेटलिफ़्टिंग और वुशू शामिल हैं। अरुणाचल ओलंपिक एसोसिएशन के अब्राहम के. तेची राज्य के एथलीट्स का नेतृत्व करेंगे।

0000000000000000000